सर्वार्थ सिद्धि योग में आज मनेगी शरद पूर्णिमा

पटना (आससे)। आश्विन शुक्ल पूर्णिमा में शरद पूर्णिमा का पर्व आज रविवार को सर्वार्थ सिद्धि योग में मनाया जायेगा। आज प्रदोष काल व निशीथ काल में पूर्णिमा तिथि होने के कारण शरद पूर्णिमा आज ही मनायी जायेगी। वहीं स्नान-दान तथा व्रत की पूर्णिमा उदयातिथि में कल सोमवार को मनायी जायेगी। शरद पूर्णिमा की रात धन व वैभव की देवी माता लक्ष्मी का पृथ्वी लोक पर आगमन होता है। इसीलिए सनातनी आज पवित्र गंगा स्नान,दान-पुण्य,पूजा-पाठ एवं रात्रि में लक्ष्मी, कुबेर एवं इंद्र की पूजा,रात्रि जागरण एवं घी का दीपक पूरी रात जलायेंगे।

सोलह कलाओं से परिपूर्ण होगा चन्द्रमा : शरद पूर्णिमा के दिन चन्द्रमा सोलह कलाओं के साथ अपनी शीतलता पृथ्वी पर प्रसारित करता है। धन, वैभव की देवी माता लक्ष्मी चंद्रलोक से पृथ्वी पर आती हैं। यह पूर्णिमा सभी बारह पूर्णिमाओं में सबसे सर्वश्रेष्ठ मानी जाती है। इस दिन रात्रि



बेला में माता लक्ष्मी की पूजा-आराधना करने से सुख-समृद्धि, धन लाभ एवं ऐश्वर्य में वृद्धि होती है। इस दिन शुभ कार्य, गरीब-निर्धन की सेवा, दूध-दही,चावल आदि का दान करने से इसका पुण्यफल लंबे समय तक मौजूद रहते हैं,जिनमें कई असाध्य रोगों को दूर करने की शक्ति होती है।

चंद्र की किरणें बरसायेंगी अमृत : पंडित झा ने कहा कि शरद पूर्णिमा पर चंद्रमा के प्रकाश में औषधीय गुण लाभ देता है।

मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात चन्द्रमा से अमृत की वर्षा होती है जो धन, प्रेम और सेहत तीनों प्रदान करती है। इसीलिए इस रात शर्करायुक्त शुद्ध दूध से निर्मित खीर बनाकर छत पर रखी जाती है। ात में चन्द्र की किरणों से जो अमृत वर्षा होती है, उसके फलस्वरुप घर की छतों पर रखी गयी खीर अमृत के सामान हो जाती है। उसमें चंद्रमा से जनित दोष शांति,रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि व आरोग्य प्रदान करने की क्षमता आ जाती है।

शरद पूर्णिमा पूजन शुभ मुहूर्त :अभिजित मुहूर्त- दोपहर 11:11 बजे से 11:56 बजे तक, शुभ योग मुहूर्त-दोपहर 12:58 बजे से 02:23 बजे तक प्रदोष काल महूर्त-शाम 05:12 बजे से 07:53 बजे तक , अमृत मुहूर्त-शाम 06:48 बजे से रात्रि 08:23 बजे तक





कोजागरा आज

(आज समाचार सेवा)

पटना । मैथिल समाज में आज कोजागरा मनाया जाएगा। घर में कुल देवी सहित मां लक्ष्मी को मखाना, बताशा सहित नैवेद्य आदि अर्पण होंगे। नवविवाहिता वर का होगा चुमावन और रात्रि जागरण। रात्रि जागरण में वर के



परिवार द्वारा लोगों को आमंत्रित करके मखाना और बतासा देकर पान खिलाया जाता है। आज यह उत्सव दिखेगा मैथिल समाज में। कोजागरा सभी करते हैं मां लक्ष्मी के प्राकट्य दिवस के रूप में। मान्यता है कि इस दिन रात्रि में मां लक्ष्मी इहलोक में भ्रमण करके उन भक्तों पर कृपा बरसाती है जो जागकर अनुष्ठान करते हैं।

प्रस्तुतियों ने दर्शकों को किया भावुक

प्रेमचंद रंगशाला में 'समर्पण' सांस्कृतिक कार्यक्रम

पटना(आससे)। प्रेमचंद रंगशाला, पटना में रॉक एन रोल आर्ट, कलाकृति,क्राफ्ट स्कूल एवं ज्योति सांस्कृतिक मंच के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम 'समर्पण' आयोजित किया गया। कला, संगीत, नृत्य, लोक परंपरा और मानवीय रिश्तों की प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोहा ।

कार्यक्रम का उद्घाटन मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार चंद्रवंशी, अशोक चौधरी, वरुण कुमार सिंह, ऋचु गुप्ता रॉय, आलोक रॉय, सपना हुसैन तथा संस्था के निदेशक ऋषि कुमार सहित अन्य अतिथियों ने वंदे मातरम् के सामूहिक गायन और दीप प्रज्वलन के साथ किया। अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की विशेष प्रस्तुति दिवंगत अमित कुमार राय की स्मृति को समर्पित रही। उनके चित्र पर पुष्पांजलि के बाद छोटी बच्ची ऋचा कश्यप ने अमित कुमार राय के साथ बड़े पापा और बेटी के रिश्ते को मंच पर प्रस्तुत किया। इस मार्मिक प्रस्तुति ने दर्शकों को भावुक कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत 'समवेतनाद' की गणेश वंदना एवं स्वस्तिवाचन से हुई। इसके बाद बच्चों ने कथक नृत्य प्रस्तुत किया। लोक गायक सत्येंद्र कुमार ने लोक संगीत से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।





विश्वप्रसिद्ध बांसुरी वादक उस्ताद डॉ. मुजतबा हुसैन ने शास्त्रीय संगीत की प्रथम प्रस्तुति भक्ति रस में राग दुर्गा में विलंबित झपताल एवं मध्य-द्रुत तीन ताल में अपने साले साहब को सांगीतिक श्रद्धांजली दी! तत्पश्चात? वैष्णव जनतो भजन इसके बाद दिवंगत आत्मा अमित रॉय के पसंदीदा बॉलीवुड नग्मे तू ही रे,रोजा जानेमान फ्यूजन और ग़ज़ल 'चिट्ठी न कोई संदेश' सहित विभिन्न धुनों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।तबला संगति कर डॉश श्याम मोहन ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया।ज्ञात हो कि उस्ताद मुजतबा लगभग 300 फ़िल्मों में बांसुरी बजाया है! आभाष मिश्रा ने भी संगीतमय प्रस्तुति दी। रॉक एन रोल आर्ट एंड क्राफ्ट स्कूल के बच्चों ने विभिन्न नृत्य प्रस्तुतियां दीं। 'छावा' पर आधारित प्रस्तुति के साथ बच्चों और अभिभावकों ने मिथिला एवं बिहार की लोक संस्कृति पर आधारित 'सामा-चकेवा' की मनमोहक प्रस्तुति दी। चांदनी के प्रशिक्षण में बच्चों ने मन्ना डे, मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर के सदाबहार गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया।





कौमुदी महोत्सव में आज पूजा चटर्जी व देवी झुमायेंगी

पटना सिटी (आससे)। गुलजारबाग स्टेडियम मैदान में रविवार को कला संस्कृति एवं युवा विभाग व जिला प्रशासन की ओर से आयोजित होने वाली कौमुदी महोत्सव में पार्श्व गायिका पूजा चटर्जी व भजन गायिका देवी अपनी प्रस्तुति देगी। इस बात की जानकारी. परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि आयोजन में नौ विभूतियों को सम्मानित किया जायेगा.। महोत्सव में मंत्री,सांसद,विधायक व विधान पार्षद के साथ जिला प्रशासन व कला संस्कृति विभाग के अधिकारी शामिल होगे.एसडीओ कशिश बक्शी ने बताया कि कौमुदी महोत्सव को लेकर विधि व्यवस्था बनाये रखने को दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी की तैनाती की गयी है।



दो देसी कट्टा और 10 कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

फुलवारी शरीफ। परसा बाजार थाना पुलिस ने शुक्रवार की शाम वाहन जांच के दौरान लक्ष्मण झूला पुनपुन गुमटी के पास एक टेम्पू से दो देसी कट्टा और 10 जिंदा कारतूस बरामद किए. पुलिस ने हथियार के साथ टेम्पू में बैठे सन्नी कुमार (30) को गिरफ्तार किया. उसके पास से एक मोबाइल भी बरामद हुआ है. पुलिस के अनुसार, वाहन जांच के दौरान टेम्पू पर संदेह होने पर उसकी



तलाशी ली गयी. तलाशी के दौरान सन्नी कुमार के पास से अवैध हथियार और कारतूस मिले. इस संबंध में परसा बाजार थाना कांड संख्या 544/26, दिनांक 23 अक्टूबर 2026 को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-B)a/26/35 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

गिरफ्तार सन्नी कुमार बुद्धा कॉलोनी थाना क्षेत्र के उत्तरी मंदिरी छकन टोला निवासी स्व. श्याम बाबू यादव का पुत्र है. पुलिस के मुताबिक उसके खिलाफ पहले से बुद्धा कॉलोनी, सोनपुर और बेऊर थाने में पांच मामले दर्ज हैं. इनमें मारपीट, चोरी, लूट और अन्य धाराओं से संबंधित मामले शामिल हैं.

कार्रवाई में परसा बाजार थानाध्यक्ष मेनका रानी, पुलिस अवर निरीक्षक राहुल कुमार, बिटु कुमार, मिथिलेश कुमार, कृष्ण कुमार सिंह समेत तकनीकी शाखा की टीम शामिल रही.

